**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.11.2025

**/प्रेस विज्ञप्ति/**

## कन्या महाविद्यालय में क्रिएटिव कार्नर का शुभांरभ

शासकीय डॉ. वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में प्राचार्य डॉ.रंजना श्रीवास्तव के मार्गनिर्देशन में स्टूडेंट क्रिएटिव कार्नर का शुभारंभ किया गया । उच्च शिक्षा विभाग के दिशानिर्देश के अनुसार क्रिएटिव र्कानर की स्थापना किया जाना है, यह एक ऐसा स्थान है जहां छात्रा अपनी रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभाओ की विकसीत कर सकते है जैसे कि कला, शिल्प, संगीत, नृत्य, लेखन एवं डिजिटल कार्य आदि।

प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के अनुसार छात्राओ को पढ़ाई के दवाब से दूर अपने शौक पूरे करने नए विचारों का आदान प्रदान करने और अपनी कल्पनाशीलता को निखारने का एक मंच प्रदान करने हेतु महाविद्यालय में ही, एक स्थान क्रिएटिव कॉर्नर है।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि छात्र रचनात्मक उद्योग में नए अनछुए दृष्टिकोण लेकर आते है, नवीनतम रूझानो, तकनीको और सांस्कृतिक बदलावो में डूबे युवा कला, डिजाईन और नवाचार को दुनिया के दृष्टिकोण से प्रभावित करने की एक अनुठी स्थिति में होते है। वे नए विचार लाते है, पुरानी धारणाओ को चुनौती देते है और अभिनव समाधान प्रस्तुत करते है। इन विचारो को विकसीत करने के लिए महाविद्यालय एक आर्दश वातावरण है। विविध संसाधनो और प्राध्यापको के मार्गदर्शन तक पहुॅच के साथ छात्र अपने कौशल की निखार कर सकते है एवं मौलिकता के महत्व और रचनात्मक समस्या–समाधान की शक्ति सीखते है।

इस अवसर पर प्रदर्शन कला विभाग द्वारा अनुठी एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद अमृतफले एवं मूर्तिकला विभाग की सुश्री तृप्ति खरे चित्रकला विभाग की सुश्री रोशनी साहू एवं नृत्य विभाग की सुश्री सृष्टि मन्ना के सहयोग से की गई जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओ ने भागीदारी दी।

*टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)

**Creative Corner** कार्यक्रम का आयोजन

